| |
|---|
| दिनांक 20.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 28/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हरदोई/थाना शाहाबाद**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 20.10.2025 को थाना शाहाबाद व थाना पाली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आगमपुर पॉवर हाउस से कुरसौली रोड पर बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त विकास घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना पाली पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद शाहजहॉपुर, हरदोई के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना शाहाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विकास निवासी श्यामतगंज गौटिया थाना सदर बाजार जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद कानपुर देहात/थाना रसूलाबाद

**• 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• चोरी के 01 लाख 50 हजार रूपये नगद**

**• चोरी की पीली धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनॉकः 19.10.2025 को थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बनीपारा तिराहा कहिंजरी से 02 अभियुक्तों 1–आनन्द 2–प्रिंश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 50 हजार रूपये नगद, चोरी की पीली धातु के आभूषण आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना रसूलाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रसूलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये, आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आनन्द निवासी सिंहपुर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

2–प्रिंश निवासी सिंहपुर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख 50 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की पीली धातु के आभूषण आदि।

## जनपद मऊ/थाना कोतवाली नगर

**• 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**

**• 20 हजार 980 रूपये नगद**

**• 02 मोबाइल फोन**

**• घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**

**• 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 20.10.2025 को थाना कोतवाली नगर व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–मनोज कुमार 2–अजय

कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, 20 हजार 980 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिनके विरूद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनोज कुमार निवासी निहोरा नगर थाना कोतवाली जनपद बलिया।

2–अजय कुमार निवासी निहोरा नगर थाना कोतवाली जनपद बलिया।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–20 हजार 980 रूपये नगद।

3–02 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

5–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद सोनभद्र/थाना म्योरपुर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **82 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा**
- **03 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन आदि बरामद**

दिनॉकः 19.10.2025 को थाना म्योरपुर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बभनडीहा जंगल के पास से 02 अभियुक्तों 1–शुभम उर्फ श्यामू 2–राजू कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से

82 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा, 03 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शुभम उर्फ श्यामू निवासी मदगड़ी थाना भण्डरिया जनपद गढ़वा, झारखण्ड।

2—राजू कुमार निवासी मदगड़ी थाना भण्डरिया जनपद गढ़वा, झारखण्ड।

**बरामदगी**

1—82 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा।

2—03 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन आदि।

———————